प्रियंका गांधी से मिलते हुए सहसपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आर्येन्द्र शर्मा।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र' से कांग्रेस में उत्साह

**संवाददाता** देहरादून। चुनावी सरगर्मियों के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए देहरादून पहुंची. यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया और 'उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र' जारी किया। इस दौरान सहसपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आर्येन्द्र शर्मा की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने सेलाकुई के जवाहर फॉर्म में प्रियंका गांधी को सुना। कांग्रेस प्रत्याशी आर्येन्द्र शर्मा ने प्रतिज्ञा पत्र के लिए आभार जताते हुए कहा कि उत्तराखंडी स्वाभिमान के संकल्प से कांग्रेस के पक्ष में परिवर्तन की बयार बह रही हैं। हम प्रतिज्ञा लेते हैं कि उत्तराखंड के लोगों के लिए रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा व आय की सुरक्षा की व्यवस्था करेंगे।

### उत्तराखंड में कोविड को लेकर जारी नई गाइडलाइन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के ग्राफ में उतार चढ़ाव जारी है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि कोरोना से बचाव को जारी गाइडलाइन का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते लगाए गए कोविड प्रतिबंध को सरकार ने हाल ही में 11 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। हालांकि, इस बार कोविड प्रतिबंध में काफी राहत भी दी गई है, जबकि कुछ प्रतिबंध बढ़ाए भी गए हैं। नाइट कर्फ्यू में भी दो घंटे की ढील देते हुए इसकी समय सीमा अब रात 11 बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक कर दी है।

### लोन और निवेश के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, लोन दिलाने और विदेशी कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपित को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। आरोपित को वर्ष 2020 में भी इसी मामले में जेल भेजा गया था। जमानत पर छूटने के बाद उसने ठगी का काम फिर शुरू कर दिया।

### रणजी ट्राफी के अभ्यास के लिए खिलाड़ियों को मिलेगा कम समय

**संवाददाता** देहरादून। क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड (सीएयू) की सीनियर पुरुष टीम के खिलाड़ियों को इस साल रणजी ट्राफी टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए कम समय मिलेगा। कोरोना के चलते रणजी ट्राफी टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया था। अब दो चरणों में टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। इस कारण राज्य संघों को टीम के लिए कैंप लगाने का पर्याप्त समय नहीं मिल सकेगा। उत्तराखंड में भी छह से सात दिन तक ही कैंप संभव नजर आ रहा है।

# प्रियंका गांधी ने जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र

**घोषणापत्र**


■ घोषणापत्र में महिला वोटरों को लुभाने की पूरी कोशिश

■ सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत महिलाओं को दी जाएगी प्राथमिकता

**संवाददाता**

देहरादून। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बुधवार को देहरादून में एक चुनावी जनसभा व वर्चुअल रैली को संबोधित किया। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड के आगामी चुनावों के तहत पार्टी का घोषणापत्र जारी कर दिया है। जिसमें महिला वोटरों को लुभाने की पुरजोर कोशिश की गई है।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बुधवार को देहरादून में एक चुनावी जनसभा व वर्चुअल रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस का घोषणापत्र भी जारी किया।



**जानिए कांग्रेस के घोषणा पत्र में क्या कुछ है खास**

■ 500 के पार नहीं जाएगा गैस सिलिंडर। अगर उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार आई तो बाकी की भरपाई सब्सिडी के रूप में सरकार वहन करेगी।

■ चार लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

■ पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

■ जिलों में पर्यटन पुलिस की एक अलग फोर्स का गठन होगा।

■ सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

■ पुलिस विभाग में भर्ती में 40 प्रतिशत महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

■ सरकारी बसों में महिलाएं मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।

■ आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में डेढ़ गुना वृद्धि की जाएगी।

■ कोरोना काल में त्रस्त परिवारों को सालाना 40000 रुपए की मदद की जाएगी।

■ स्वास्थ्य सेवाओं को गांव–गांव व घर–घर तक पहुंचाने के लिए नई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा।

■ सरकार बनने के पहले वर्ष

### जनता के सम्मुख रखा कार्यों का ब्यौरा

दून के कैनाल रोड पर स्थित लग्जूरिया फार्म में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित होने वाली इस चुनावी जनसभा के लिए पार्टी की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसी रैली में प्रियंका गांधी पार्टी के घोषणा पत्र को भी जारी किया। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा जनता के सम्मुख रखा गया है।

200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी।

■ पीजी छात्रों को 500000 रुपए तक के स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड दी जाएंगी।

■ सरकारी नौकरियों पर लगी रोक को हटाया जाएगा वर्तमान में 57000 रिक्त पद हैं, जिनको पहले साल में भरा जाएगा।

■ राज्य में लोकायुक्त व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

■ अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में ब्लॉक कैडर व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

■ राज्य पुलिस कर्मियों को 46 सौ ग्रेड पे दिया जाएगा।

■ राज्य में पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी।

■ मेरे बुजुर्ग मेरे तीर्थ यात्रा को फिर से शुरू किया जाएगा।

■ सभी वृद्धजनों को पेंशन दी जाएगी।

■ कड़ा भू कानून बनाया जाएगा।

# 24 घंटे में 10 संक्रमितों की मौत, 2081 नए मरीज मिले

**कोरोना अपडेट**

■ 3295 मरीज ठीक हुए हैं, जबकि 25560 एक्टिव केस है बाकी

**संवाददाता**


देहरादून। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 10 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो गई, जबकि 2081 और लोग संक्रमित मिले हैं। वहीं, इस दौरान 3295 मरीज ठीक हुए हैं, जबकि 25560 एक्टिव केस बाकी रह गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, बुधवार सामने आए 2081 नए मामलों में देहरादून में सर्वाधिक 761, हरिद्वार में 206, नैनीताल में 150, अल्मोड़ा में 209, बागेश्वर में 106, चमोली में 106, चंपावत में 26, पौड़ी में 88, पिथौरागढ़ में 89, रुद्रप्रयाग में 142, टिहरी में 65, ऊधमसिंह नगर में 119 और उत्तरकाशी के 14 मामले शामिल हैं। वहीं, बुधवार को 3295 कोरोना संक्रमित मरीज स्वस्थ हुए हैं।

कोरोना संक्रमण की जांच कि लिए क्षेत्र में की जा रही आरटीपीसीआर व एंटिजन जांच में बुधवार को 17 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पॉजिटिव आए संक्रमितों को होम आइसोलेशन में भेज दिया गया है। उप जिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह का कहना है कि तीन दिनों से कोविड जांच के दौरान पाए जाने वाले मरीजों की कम संख्या आने वाले समय के लिए अच्छा संकेत है।

**कोरोना संक्रमण की रफ्तार हुई और धीमी**

विकासनगर क्षेत्र में कोरोना संक्रमण की रफ्तार में लगातार तीसरे दिन भी भारी कमी दर्ज की गई है। विकासनगर क्षेत्र में कराई गई कोविड जांच में कुल 17 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमण के मामलों में आ रही कमी से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। उधर, स्वास्थ्य विभाग क्षेत्रवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है।



यदि इसी प्रकार की स्थिति रही तो एक सप्ताह में संक्रमण का प्रभाव काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए क्षेत्रवासियों को और अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। जब तक संक्रमण से पूरी तरह विकासनगर क्षेत्र को मुक्ति नहीं मिल जाती तब तक मास्क, सैनिटाइजर व शारीरिक दूरी के नियम के मामले में लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। इसके अलावा होम आइसोलेशन में भेजे गए संक्रमितों को भी सुरक्षित तरीके से अपना उपचार पूरा करना चाहिए।

### उत्तराखंड के 1842 संवेदनशील बूथों पर तैनात होगी सेंट्रल आर्म्ड फोर्स

**संवाददाता** देहरादून। आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों (पोलिंग बूथ) की सुरक्षा को लेकर मशीनरी ने कमर कस ली है। इसके तहत प्रदेश के 1842 संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कंधों पर होगा। इन बूथों पर चुनाव आयोग के आदेश पर पुलिस विभाग की ओर से सीएपीएफ की 60 से अधिक कंपनी तैनात की जाएंगी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथ चिह्नित किए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में 1034 बूथ संवेदनशील और 808 बूथ अति संवेदनशील श्रेणी के चिह्नित किए गए हैं। सबसे अधिक 400 संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथ ऊधमसिंह नगर जिले में हैं।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।